# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Fourteenth Session )

Questions For Oral Answer

## Wednesday, 8th March, 2017/17 Phalguna, 1938(Saka)

----

[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Industries Minister - Excise & Taxation Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 21

----

### Construction of Building

***3751 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of construction of Government Polytechnic at Banikhet; and

(b) by when the building is likely to be completed?

----

### भवन निर्माण

***3752 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जगतसुख में पशु औषधालय के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब शुरू किया गया तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## बस सेवा

*3753 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कन्दर-वैरल, वागा-कौल, ब्युला-कोयल-सनोग-शीलघाट, खजलाघाटी से करयालू वाया दौंची छमरोहल क्षेत्रों हेतु जनहित में कब तक बस सेवा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि की स्वीकृति

*3754 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 4 वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में PMGSY और NABARD के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल चौपाल व उप-मण्डल सैंज को कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) इस अवधि में कितनी सड़कों का निर्माण किया गया तथा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा सड़कवार दें?

----

## Policy for Farmers

*3755 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that in District Lahaul & Spiti farmers having ownership of more than 12 ½ Bighas of land are getting Power Tillers, Sprinklers and Power Saw under Centre Government Scheme; and

(b) if yes, whether the Government propose to make a policy for farmers having land holding between 5 to 12 ½ Bighas in the District in public interest?

----

## PTA के तहत नियुक्तियां

*3756 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश में PTA के अन्तर्गत नियुक्त

अध्यापकों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में कोई निर्णय दिया है; यदि हां, तो दिए गए निर्णय/अंतरिम आदेशों की प्रति सदन के पटल पर रखें; और

(ख) सरकार प्रदेश में कार्यरत PTA, PAT व SMC योजनाओं के अन्तर्गत नियुक्त अध्यापकों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है ?

----

## उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी

***3757 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक संसारपुर टैरस में कितनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित हैं; इनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा इकाईवार दें; और

(ख) इन इकाइयों में क्या कर्मचारियों का EPF कटता है; यदि हां, तो कितना-कितना; ब्यौरा कर्मचारीवार दें?

----

## ए0पी0एल0 परिवार

***3758 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पी0डी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत ए0पी0एल0 परिवारों को दिया जा रहा आटा बन्द कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कब और सरकार क्या इसे फिर से आरम्भ करने का विचार रखती है?

----

## अनुबन्ध पर नियुक्ति

***3759 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या प्रदेश में ग्राम पंचायतों में कार्यरत सिलाई अध्यापिकाओं को अनुबन्ध पर नियुक्त करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## लिपिकों की भर्ती

***3760 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में आबकारी एवं कराधान विभाग में लिपिकों के कितने पद सृजित हैं तथा इनमें से कितने स्थाई और कितने अनुबन्ध आधार पर भरे गए हैं;

(ख) यह पद अनुबन्ध आधार पर कब-कब भरे गए तथा अब क्या लिपिकों का पदनाम बदल दिया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) विभाग द्वारा क्या कनिष्ठ कार्यालय सहायक के नए पद सृजित किए गए हैं; यदि हां, तो कितने, इनकी योग्यता एवं भर्ती प्रक्रिया का विवरण सभा पटल पर रखें ?

----

## बर्फवारी से नुकसान

***3761 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो माह में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में भारी बर्फवारी से विद्युत विभाग को कितनी क्षति हुई; ब्यौरा विद्युत मंडलवार दें?

----

## भेड़ पालकों की सुरक्षा

***3762 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या भेड़ पालकों की सुरक्षा की दृष्टि से सीमा क्षेत्रों में मोबाइल पुलिस पोस्ट खोलने का विचार रखती है; और

(ख) गत चार वर्षों में प्रदेश में भेड़ पालकों की कितनी भेड़-बकरियां चोरी हुईं तथा कितने दोषियों के विरूद्ध मुकद्दमें दर्ज़ किए गए; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

***3763 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार की प्रदेश के रमणीक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु क्या योजनाएं हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत क्या शिकारी देवी, देव कमरूनाग, जहल, देविदढ़ क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## नई बसें

***3764 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में रोहडू डिपो को कितनी नई बसों का आबंटन किया गया, कितनी बसें नकारा घोषित की गई तथा कितने नए बस रूट प्रारम्भ किए गए; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***3765 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कियाणी-लपास, पाहनाला लिंगर वन्सू, पाहनाला-जनाहल, धारा वरशोगी, शौता जौल से लाशणी वाया नरोगी शरन, पचाहली-सिलग-पधर सड़कों तथा सरवरी पुल से शीशामाटी तथा गांव बुआई सम्पर्क सड़क की विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कब-कब अनुशंसा की गई और नाबार्ड को वित्त पोषण हेतु भेजने की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा सड़कवार विलम्ब के कारणों सहित दें?

(ख) कुल्लू मण्डल न0-2 के अन्तर्गत पेछा-देउगरा सड़क को किस तिथि को अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत डाला गया तथा इस सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पुल निर्माण

***3766 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली शहर के राईट बैंक को लेफ्ट बैंक से जोड़ने के लिए फोरलेन पुल का निर्माण करने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो इस पुल की लम्बाई-चौड़ाई कितनी है और इस पर कितना व्यय होगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इसकी निविदाएं क्या हो गई हैं और कार्य किस ठेकेदार को दिया गया है; कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## Temples/Monasteries

***3767 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there are old Temples and Monasteries like Mrikula Devi, Gurughantal, Thawaling, Shansha, Chokhar etc. in Lahaul valley; and

(b) if yes, whether the Department is proposing any policy for the preservation of these monuments?

----

## साइंस/कॉमर्स की कक्षाएं

***3768 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में साइंस एवं कॉमर्स की कक्षाएं चलती हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें;

(ख)इस निर्वाचन क्षेत्र में कितनी गैर-सरकारी पाठशालाएं हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ग) इन गैर-सरकारी पाठशालाओं में छात्रों की कितनी-कितनी संख्या है; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## पुल निर्माण

***3769 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जण्ड़ौर गुम्मी सड़क तथा कोटला खड्ड पर बनने वाले पुलों का शिलान्यास कब किया गया; और

(ख) इन पुलों की डी0पी0आर0 क्या तैयार हो गई है; इनकी कितनी-कितनी लागत आएगी; ब्यौरा दें?

----

## विद्यालय का उन्नयन

***3770 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में कितने विद्यालय स्तरोन्नत किए गए और कितने नए खोले गए; ब्यौरा जिलावार विद्यालयों के नाम सहित दें;

(ख) यह सभी विद्यालय क्या मापदण्डों के अनुसार खोले गए; यदि नहीं, तो कौन-कौन से; ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) इन विद्यालयों के लिए शिक्षक व गैर-शिक्षक श्रेणी के कौन-कौन से पद स्वीकृत किए गए; ब्यौरा विद्यालयवार दें?

----

## सड़क की टारिंग

***3771 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कोट देविदढ़ सड़क से सम्पर्क सड़क जाच्छ से लोट की टारिंग कब की गई; इस सड़क के टारिंग का टैंडर किस ठेकेदार को आवंटित किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस सड़क की टारिंग एक सप्ताह बाद ही उखड़ गई है; यदि हां, तो इसके क्या कारण रहे; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 20 फरवरी, 2017.** **सचिव।**